अमर उजाला 16/10/2025

# सड़क सुरक्षा परीक्षा में विद्यार्थी हुए शामिल

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज ने हरियाणा पुलिस के सहयोग से सड़क सुरक्षा पर एक प्रतिस्पर्धी एमसीक्यू टेस्ट आयोजित किया। इस टेस्ट का उद्देश्य छात्रों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करना था। कॉलेज के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा आयोजित इस टेस्ट में 293 छात्रों ने भाग लिया। टेस्ट का संचालन सुबह 11 बजे से 12 बजे तक किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से छात्रों में जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना विकसित होती है। संवाद